एक नजर

छठ गीत 'चली छठ घाट' से लोकगायक दीन बन्धु सिंह ने बिखेरे सुरों के रंग

सुल्तानपुर। छठ महापर्व के पावन अवसर पर जनपद के भजन एवं लोकगायक दीन बन्धु सिंह का नया पारंपरिक छठ गीत 'चली छठ घाट' संगम धुन से रिलीज़ किया गया। इस गीत के माध्यम से लोक आस्था, भक्ति और छठ महापर्व की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को सुरों में पिरोने का सुंदर प्रयास किया गया है। गीत को अपनी मधुर आवाज़ दी है भजन एवं लोकगायक दीन बन्धु सिंह ने। इसके गीतकार अजय विश्वकर्मा हैं, जबकि संगीत रजनीश प्रजापति ने दिया है। पारंपरिक लोकधुन पर आधारित यह गीत छठ घाटों की रौनक, व्रतियों की श्रद्धा और भगवान सूर्य की उपासना से जुड़ी लोक परंपराओं को दर्शाता है। गीत के गायक दीन बन्धु सिंह ने बताया कि छठ महापर्व भारतीय लोक संस्कृति, आस्था और परंपरा का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। इस पर्व से जुड़े पारंपरिक गीत हमारी सांस्कृतिक पहचान और लोक विरासत के अभिन्न अंग हैं। ऐसे गीतों के माध्यम से लोक संस्कृति को संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना उनका उद्देश्य है। उन्होंने श्रोताओं, संगीत प्रेमियों एवं छठी मैया के भक्तों से अपील की कि वे 'चली छठ घाट' गीत को अधिक से अधिक सुनें और अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों के साथ साझा करें, ताकि लोकगीतों और पारंपरिक संगीत को प्रोत्साहन मिल सके।

पालिकाध्यक्ष ने दी शास्त्री नगर, ओम नगर, पयागीपुर व नरायनपुर में जलनिकासी हेतु 01 करोड़ 87 लाख की सौगात

सुल्तानपुर। नगर क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड शास्त्रीनगर ओमनगर मार्ग से रेलवे लाइन के नीचे होकर इण्डियन ऑयल पेट्रोल पम्प आई0टी0आई0 तक वार्ड नरायनपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की महती योजना ''जल निकासी योजना'' के तहत पक्का नाला के निर्माण कार्य का शुभारम्भ पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने विधिवत भूमिपूजन कर किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने बताया कि रेलवे लाइन से होकर जाने वाला यह निर्माणाधीन नाला कई स्थलों पर कच्चा व जर्जर होने से इस क्षेत्र में वर्षा ऋतु में जल-भराव की समस्या बनी रहती है, जिसकी समस्या के निदान हेतु स्थानीय निवासियों द्वारा काफी समय से मांग की जा रही थी। नगर पालिका द्वारा लगभग 01 करोड़ 87 लाख रूपये की लागत से इस लगभग 02 किमी लम्बे पक्के नाले का निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया है, जिसके बनने से शास्त्री नगर, ओम नगर, पयागीपुर व नरायनपुर में जलनिकासी व्यवस्था को सुगम किया जा सकेगा व इससे इस क्षेत्र में अतिवृष्टि से बनने वाली गड़ही व तालाबों में जल-भराव भी नहीं होगा, इस क्षेत्र में निरन्तर आबादी बढ़ने के दृष्टिगत भी इस नाले का निर्माण कार्य अतिमहत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सभासद अखिलेश मिश्र, गिरीश कुमार मिश्र व श्रवण सिंह, लालेन्द्र सिंह, पवन मौर्या, पुष्कर तिवारी, मो0 तारिख एवं पालिका के सहायक अभियन्ता सन्तोष कुमार एवं अन्य कर्मचारियों सहित भारी संख्या में स्थानीयजन व अन्य गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।

शराब की लत से नाराज छोटे भाई ने ईंट से सिर कूचकर की बड़े भाई की हत्या

हरदोई। संडीला कस्बे के मोहल्ला बरौनी अशरफ टोला में प्लंबर राधेश्याम (37) की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उसके छोटे भाई घनश्याम ने की थी। पुलिस के मुताबिक, बड़े भाई की शराब पीने की आदत से नाराज घनश्याम का उससे अक्सर विवाद होता था। गुरुवार रात भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर घनश्याम ने ईंट से बड़े भाई के सिर पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।राधेश्याम प्लंबर का काम करता था, जबकि छोटा भाई घनश्याम पूजा-पाठ करता था। घटना के समय राधेश्याम की पत्नी अपनी तीन बेटियों के साथ भाई दूज पर मायके गई हुई थी। एक बेटा बाहर काम करता है, जबकि दूसरा पड़ोस के मकान में सोने चला गया था। घर में दोनों भाई ही मौजूद थे।शुक्रवार सुबह कमरे में राधेश्याम का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर संडीला पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुबोध गौतम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने छोटे भाई घनश्याम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

हरदोई में पुलिस मुठभेड़ के बाद चार लुटेरे गिरफ्तार एक के पैर में लगी गोली

हरदोई। कोतवाली देहात क्षेत्र में शराब सेल्समैन राजेश कुमार सिंह से हुई लाखों रुपये की लूट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। देर रात पोखरी तिराहे के पास चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई।

जवाबी फायरिंग में बृजेंद्र के दाहिने पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।पुलिस के मुताबिक, चेकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बृजेंद्र ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया।

पुलिस ने मौके से बृजेंद्र के अलावा अंकुर, गंगेब और शोभित को गिरफ्तार कर लिया।आरोपियों के कब्जे से 1.62 लाख रुपये नकद, एक बाइक और अवैध तमंचा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी लूट की वारदात में शामिल थे, जबकि घटना का मास्टरमाइंड अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

हरदोई में खाकी पर रिश्वतखोरी का आरोप, सिपाही पर 20 हजार रुपये लेने का दावा

हरदोई। हरियावां थाना क्षेत्र में तैनात एक सिपाही पर मामला निपटाने के नाम पर 20 हजार रुपये रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और कथित बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी अधिकारियों को सौंपी। आरोप है कि रकम लेने के बावजूद सिपाही ने उनके खिलाफ ही चालान की कार्रवाई कर दी।पीड़ित बशीर और अकील के मुताबिक, ग्राम तरी निवासी रीता पत्नी मनोज कुमार से उनका विवाद हुआ था। इस संबंध में रीता ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके बाद पुलिस ने दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया।पीड़ितों का आरोप है कि हल्का नंबर चार में तैनात सिपाही विपिन कुमार ने मामले को रफा-दफा करने और उनके पक्ष में कार्रवाई कराने के नाम पर 20 हजार रुपये लिए थे। इसके बावजूद उनके खिलाफ ही चालान की कार्रवाई कर दी गई।

ऑडियो रिकॉर्डिंग सौंपकर कार्रवाई की मांगमामले से आहत बशीर और अकील पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने सिपाही से कथित बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग अधिकारियों को सौंपते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। पीड़ितों ने आरोपी सिपाही के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की मांग भी उठाई है।अब देखना होगा कि पुलिस अधीक्षक इस शिकायत और सौंपी गई ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच के बाद क्या कार्रवाई करते हैं।

नफर्रुखाबाद हाईवे पर साइकिल सवार को वाहन ने कुचला... मांस के टुकड़े सड़क पर चिपके

परशुराम पुरी जलालाबाद। फर्रुखाबाद हाईवे पर बाइक एजेंसी के सामने बृहस्पतिवार शाम करीब सात बजे साइकिल सवार महेंद्र (33) को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसा इतना भयानक था कि शव हाईवे पर चिपक गया और पुलिस को फावड़े से मांस के लोथड़े इकट्ठे -- करने पड़े।क्षेत्र के गांव सरांय साधौ निवासी महेंद्र का साला याकूबपुर तिराहा स्थित एक अस्पताल में भर्ती था। महेंद्र उसे कंबल देनेबाइक एजेंसी के सामने बृहस्पतिवार की शाम हुआ हादसासाइकिल से अस्पताल जा रहे थे। शाम करीब सात बजे वह फर्रुखाबाद हाइवे पर नगर क्षेत्र, की सीमा में ही थे। इसी दौरान कोई अज्ञात वाहन% उन्हें कुचलते हुए निकल गया। महेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

कुछ ही देर में पुलिस भी वहां पहुंच गई। शव हाईवे पर बुरी तरह से चिपक गया था।मृतक के पैर ही सुरक्षित बचेथे। शेष शव को फावड़े से पुलिस को इकट्ठा करना पड़ा। पुलिस ने प्रयास कर शव की पहचान करा ली। महेंद्र दो भाइयों में छोटे थे। उसके घर में पत्नी पूजा के अलावा दो बेटा व दो बेटियां है।महेंद्र पानीपत में रहकर मजदूरी करते थे और दीपावली के चलते कुछ दिन पहले ही घर आए था। सीओ दीपक सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन से टक्कर लगने की मौत होने की जानकारी मिली है। वाहन का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

छात्र टेक्नोलॉजी को मास्टर नहीं बल्कि अपना पार्टनर बनाएं - डी एम



सुल्तानपुर। सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुलतानपुर में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की तीन दिवसीय क्षेत्रीय प्रतियोगिता के संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिलाधिकारी सुलतानपुर बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए।विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर पवन सिंह, प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में विद्यालय की कन्या भारती की बहनों एवं छात्र सांसद भैया जी के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने विद्या भारती के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सम्पूर्ण मानवबनने के लिए विज्ञान, गणित और टेक्नोलॉजी के साथ-साथ हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ना ही होगा। हमें अपने पूर्वजों से जो सुदृढ़ सांस्कृतिक चेतना प्राप्त हुई है,उसे कैसे आगे बढाना है,इस बात पर गंभीरता से विचार करना है। मुख्य अतिथि ने छात्रों को विज्ञान और टेक्नोलॉजी के गुण सिखाये। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वायु प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है। छात्र विज्ञान के नये-नये प्रयोग के माध्यम से इस समस्या के समाधान के उपाय कैसे खोज सकते हैं? इस पर मनन चिंतन और नवीन प्रयोग करने की प्रबल आवश्यकता है। हमें क्रिएटिव होना चाहिए। जिलाधिकारी ने वर्तमान युग में टेक्नोलॉजी के ज्ञान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि छात्र टेक्नोलॉजी को मास्टर नहीं अपितु, अपना पार्टनर बनाएं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आप अपना कैरियर बना सकते हैं।हमें हर क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ भी बनानी होगी।उन्होंने विद्यालय के अनुशासन एवं व्यवस्था से प्रभावित होकर प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं सम्पूर्ण आचार्य परिवार के कार्य प्रणाली की प्रशंसा की। कार्यक्रम में भैया बहनों ने गायन एवं वादन के माध्यम से पारंपरिक लोक गीतों पर अभिनय परक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुलतानपुर विभाग के विभाग प्रचारक श्री प्रकाश ने की। अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, वरिष्ठ चिकित्सक एवं प्रख्यात समाजसेवी डाक्टर जेपी सिंह, क्षेत्र संगठन मंत्री हेमचन्द्र , सह क्षेत्र संगठन मंत्री डॉक्टर राम मनोहर प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी बाल कल्याण समिति अध्यक्ष डॉक्टर विनोद कुमार सिंह, विज्ञान के क्षेत्रीय संयोजक बांके बिहारी पाण्डेय,गणित के संतोष सिंह, संस्कृति फोन परियोजना के जियालाल, प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व नगरपालिका चेय मैन भोलानाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉक्टर वी के झा, ,शैलेन्द्र चतुर्वेदी,समाजसेवी आलोक आर्य,उप प्रधानाचार्य रमेश मिश्र, रवीन्द्र त्रिपाठी,अनिल पाण्डेय,शायद श्रीवास्तव, रंजना पाण्डेय, सरिता त्रिपाठी,अखिलेश सिंह, द्वारिकानाथ पाण्डेय,रणविजय सिंह एवं सभी 49 जनपदों के प्रतियोगी छात्र-छात्राएं संरक्षक आचार्य बन्धु,भगिनी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

लालगंज (रायबरेली)। नगर के संस्कृत विद्यालय में मानस मंदाकिनी संस्था के तत्वावधान में और कांग्रेस नेता महेश शर्मा व व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा के संयोजन से आयोजित सियाराम कथा के तृतीय दिवस के पावन अवसर पर कथा व्यास डॉ. यशोमती सिंह ने बालकांड का बहुत ही मार्मिक वर्णन किया। देवघर बैद्यनाथ धाम से पधारी कथा व्यास डॉ. यशोमती सिंह ने कहा कि रामचरितमानस के बालकांड में भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का अद्भुत वर्णन है, जिसको सुनने मात्र से कलियुग में मोक्ष की प्राप्ति होती है। बालकांड में श्रीराम के जन्म से लेकर विश्वामित्र के साथ वन गमन, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार, धनुष यज्ञ और सीता जी के साथ विवाह तक की कथा का वर्णन है। राजा दशरथ के पुत्रकामेष्टि यज्ञ से लेकर चारों भाइयों के जन्म की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा वाचिका ने कहा कि भगवान राम का जन्म धर्म की स्थापना और अधर्म के नाश के लिए हुआ।

उन्होंने कहा कि बालकांड हमें यह सिखाता है कि गुरु की आज्ञा, माता-पिता की सेवा और मर्यादा का पालन ही जीवन का सबसे बड़ा धर्म है।

कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी का स्थलीय निरीक्षण



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने तहसील डलमऊ स्थित गंगा घाटों एवं मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने 23, 24 एवं 25 नवम्बर, 2026 को आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले एवं मुख्य स्नान पर्व की तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मेला जनपद का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ समय से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और मेला एवं स्नान पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।उन्होंने घाटों पर स्नानार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही घाटों पर भीड़ नियंत्रण एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण करने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र एवं घाटों पर व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए तथा जहां भी किसी प्रकार की कमी हो, उसे तत्काल दूर कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देते हुए सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रभावी यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा यातायात व्यवस्था इस प्रकार बनाई जाए, जिससे आवागमन सुचारु बना रहे। डीएम एवं एसपी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कियाआपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं मुख्य स्नान पर्व को सुरक्षित, स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

सरकारी और निजी स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम से जोड़ने पर जोर



रायबरेली। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की आठवीं वर्षगांठ और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के पांच वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को एक होटल में जनपद स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में दोनों योजनाओं की उपलब्धियों, अनुभवों और भविष्य की दिशा पर संवाद किया गया। इस दौरान डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम को मजबूत बनाने तथा सरकारी और निजी स्वास्थ्य सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता ने कहा कि एबीडीएम का उद्देश्य देश में ऐसा डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम तैयार करना है, जिसमें मरीजों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच बेहतर समन्वय हो सके। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि मिशन को सफल बनाने के लिए सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इस अवसर पर कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने कहा कि आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) के माध्यम से व्यक्ति अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में सुरक्षित रख सकता है और जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझा कर सकता है। इससे मरीजों को बार-बार अपनी जांच रिपोर्ट और उपचार संबंधी जानकारी साथ रखने की जरूरत कम होगी और इलाज की प्रक्रिया सुगम बनेगी। सम्मेलन में आभा आईडी के महत्व के साथ ही सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों तथा अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को एबीडीएम के तहत पंजीकरण कराने और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन

रायबरेली। राजनीति विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान की ओर से पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष एवं फिरोज गांधी कॉलेज रायबरेली के पूर्व प्राचार्य डॉ राम बहादुर वर्मा ने कहा कि नेहरू जी आधुनिक भारत के निर्माता थे। वह एक महान मानवतावादी व उदारवादी थे। संसदीय लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, गुटनिरपेक्षता, विश्व शांति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का जो रास्ता अपनाया, वह भारत ही नहीं समूचे विश्व के लिए प्रासंगिक है। नेहरू जी संसदीय लोकतंत्र के प्रवर्तक हैं, उन्होंने संसदीय लोकतंत्र को मजबूत किया। आलोचना तथा विपक्ष का आदर किया क्योंकि वह मानते थे कि जहां आलोचना नहीं, वहां लोकतंत्र नहीं। उन्होंने वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा दिया। आईआईटी तथा वैज्ञानिक संस्थानो की स्थापना की।

जूनियर वर्ग में न्याय पंचायत अहिमाने प्राथमिक में ओवर ऑल चैंपियन



सुल्तानपुर । विकास खण्ड दूबेपुर के 180 परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय ब्लॉक क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दुबेपुर अखिलेश प्रताप सिंह **डिंपल** ने मुख्य अतिथि के रूप में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया। खंड शिक्षा अधिकारी दुबेपुर शिव शंकर मिश्र ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने पीटी अभ्यास का प्रदर्शन देखा और उसकी सराहना की। कबड्डी के बच्चों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है जो बच्चे खेलकूद में आगे बढ़ते हैं वह बड़े-बड़े कंपटीशन भी उत्तीर्ण करते हैं। परिषदीय बच्चों के लिए की जा रही खेल प्रतियोगिता अत्यंत सराहनीय है ।प्रत्येक विद्यालयों में खेलकूद को शिक्षकों द्वारा बढ़ावा देना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में खेल में प्रतिभाग कर रहे छात्रों शिक्षकों ,खेल में लगे स्टाफ स्टाफ का उत्साह वर्धन किया और क्रीडा प्रतियोगिता को निष्पक्ष संपादित करने का निर्देश ब्लॉक व्यायाम शिक्षक ब्रजेश सिंह को दिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ दूबेपुर के अध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री रमेश तिवारी ने आए हुए समस्त शिक्षकों, अनुदेशकों, शिक्षा मित्रों, बच्चों को परिश्रम एवं ईमानदारी से खेल में प्रतिभाग करने का आह्वान किया।ब्रजेश सिंह ने बताया कि जूनियर वर्ग कबड्डी बालक में न्याय पंचायत विजेता रही । इसी प्रकार जूनियर वर्ग बालिका में न्याय पंचायत अहिमाने विजेता रही । कबड्डी प्राथमिक वर्ग बालक में न्याय पंचायत धम्मौर एवं बालिका में न्याय पंचायत अहिमाने विजेता रही। जूनियर खो- खो में न्याय पंचायत कटावाँ विजेता रही । इसी के क्रम में प्राथमिक खो खो में न्याय पंचायत भादा विजेता रही। जूनियर वर्ग दौड़ 400 मीटर में आकाश ,200 एवं 100 मीटर में योगेश प्रथम रहे । बालिका 400 मीटर संगम यादव एवं 200 मीटर में सोनम प्रथम रहे। प्रतियोगिता में पूर्व अध्यक्ष काशी प्रकाश तिवारी जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष राजीव मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम मौर्य,अध्यक्ष राम बहादुर मिश्रा मंत्री फिरोज अहमद, हेमंत यादव , आर एसएम अध्यक्ष निशांत सिंह,नोडल शिक्षक संकुल के0डी0 सिंह आरिफ नियाज, प्रदीप श्रीवास्तव,मोहम्मद खालिद रामजस, राजेश पाण्डेय, सुजीत सिंह, अरुण विक्रम, इमरान अवधेश पांडेय, नीलम तिवारी, अरुण रेखा ओझा, लालती, केशर कुमारी, सौम्या , राज कुमार तिवारी, राम मिलन, राम करन मौर्य,आसिफ जमाल, सोहन, वसीम खान, तथा एआरपी प्रभा सिंह, मोनू , शिप्रा सिंह, श्रद्धा सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन एसआरजी सुनील सिंह, सर्वेश सिंह, अर्चना एवं आकांक्षा ने किया

एक नजर

मतदाता सूची को लेकर कोटेदारों को किया जागरूक

जगदीशपुर अमेठी। आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एसडीएम तहसीलदार ने तीन बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कोटेदारों को जागरूक किया।जगदीशपुर विकास खंड कार्यालय के सभागार में एसडीएम नीतेश राज व तहसीलदार राहुल सिंह ने आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए कोटेदारों की मीटिंग बुलाकर उन्हें जागरूक करते हुए कहा कि सरकार के मंशानुरूप कार्य करने मे कोई कोर कसर बाकी ना रखा जाए समस्त कोटेदारों की जिम्मेदारी है कि प्रथम बिंदु के अंतर्गत अट्ठारह वर्ष पूर्ण कर चुके नव युवक व युवतियों को चिन्हित करके उन्हें मतदाता बनने हेतु उनका मतदाता फार्म भरवाकर मतदान देने योग्य बनाए वहीँ जो युवक विवाह के बंधन मे बंध चुके हैं उनकी पत्नियों की तलाश कर उनका भी फार्म भरवाए। दूसरा अहम बिंदु है जनगणना जिसमें शिक्षक घर घर जाकर लोगों से चालिस प्रश्न पूंछे जाएंगे जिसमे जन्म, उम्र, नाम, पता व शैक्षिक योग्यता आदि जिसका सही उत्तर देना सबकी जिम्मेदारी है सभी कोटेदार मिलकर जनगणना कार्य मे सहयोग करें तीसरा बिंदु किसानों से जुडा हुआ मशीन से धान कटाने के बाद खेतो मे पडी पराली का है जिसमें सभी किसानों को सुझाव दिया गया कि यदि खेतो मे पराली जलाई गई तो 15 से बीस हजार रुपये जुर्माना वसूला जा सकता है इसलिए खेतों मे पराली कतई ना जलाएं वहीँ पराली जलाने के बाद खेतो मे मौजूद पोषक तत्व जलकर राख हो जाते हैं जिससे अनाज की उपज कम हो सकती है। इस अवसर पर एसडीएम तहसीलदार पूर्ति निरीक्षक खुश्बू श्रीवास्तव समेत तमाम कोटेदार मौजूद रहे।

नहाय खाय के साथ शुरू हुआ छठ पूजा का महापर्व

अमेठी । पूर्वांचल का महापर्व छठ पूजा शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जिले और बिहार प्रांत में मनाया जाने वाला यह महापर्व अब जिले में भी पूरी तरह फैल चुका है। नौकरी-पेशा और शादी विवाह के बाद यहां रह रहे परिवार विधि विधान से छठ पूजन करते हैं। जिसके लिए छठ घाट पर बेदी बनाने पूजन सामग्रियों की खरीददारी करने के लिए होड़ लगी हुई है। आस्था के इस महापर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व विशेष रोचक होता है। नहाय खाय के साथ कार्तिक मास में अमावस्या के बाद चतुर्थी तिथि को छठ पूजा की शुरुआत होती है। दूसरे दिन खरना होता है।व्रती शाम को ठेकुआ आदि का प्रसाद ग्रहण करते है।षष्ठी को व्रत के साथ छठ घाट पर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य उसके बाद सप्तमी को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद ग्रहण कर इस महापर्व का समापन होगा।नगर और ग्रामीण अंचल में भी कई परिवार छठ व्रत करते हैं। इसी प्रकार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छठ व्रतियों ने नहाय खाय के साथ छठ पर्व की शुरुआत की है पर्व को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

भक्त प्रह्लाद का चरित्र सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

मुंशीगंज अमेठी । क्षेत्र के उलरा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा व्यास स्वामी रविदेव शास्त्री जी महाराज ने अजामिल उपाख्यान और भक्त प्रह्लाद चरित्र का भावपूर्ण वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम स्मरण में अपार शक्ति है। सच्ची भक्ति और अटूट विश्वास से मनुष्य का जीवन कल्याणकारी बनता है। भक्त प्रह्लाद के प्रसंग के माध्यम से उन्होंने सत्य धर्म और ईश्वर के प्रति अटूट आस्था बनाए रखने का संदेश दिया। कथा के दौरान श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेव भजन की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर झूमने और नृत्य करने लगे। पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। आयोजन में मुख्य यजमान गायत्री पांडेय और चंद्रशेखर पांडेय के साथ केदारनाथ पांडेय ज्ञान प्रकाश पांडेय रतिदेव पांडेय वैभव पांडेय और वी. कृष्णा पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

उर्वरक की उपलब्धता धान खरीद एवं पराली प्रबंधन को लेकर डीएम ने दिए कड़े निर्देश

अमेठी । किसानों को समय से उर्वरक उपलब्ध कराने धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने तथा पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में जनपद में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था धान खरीद की प्रगति तथा पराली प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद की सभी साधन सहकारी समितियों एवं उर्वरक वितरण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी समितियां नियमित रूप से प्रतिदिन खुलें तथा किसानों को उनकी वास्तविक मांग एवं आवश्यकता के अनुरूप समय से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अनियमितता अथवा कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनगणना एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर एसडीएम ने कोटेदारों के साथ की बैठक

अमेठी । जनपद में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) एवं विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपजिलाधिकारी अमेठी अभिनीत कुमार द्वारा क्षेत्र के कोटेदारों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों महत्वपूर्ण अभियानों की प्रक्रिया निर्धारित समय-सारिणी एवं जनसामान्य की भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कोटेदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनगणना-2027 के अंतर्गत संचालित होने वाली स्वगणना प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया गया कि 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक नागरिक आधिकारिक पोर्टल ीजजचेरू//म.बमदेने.हवअ.पद पर जाकर स्वयं एवं अपने परिवार की जनगणना संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।

सूचना

मैं रज्जन अली पुत्र रमजान अली निवासी ग्राम-अलीपुर, परगना-सेमरौता, थाना-शिवगढ़, तहसील-महाराजगंज, जिला-रायबरेली अपने पुत्र सहजाद अली पुत्र रज्जन अली निवासी ग्राम अलीपुर, परगना-सेमरौता, थाना-शिवगढ़, तहसील-महाराजगंज, जिला-रायबरेली का आज की तारीख से मेरी चल अचल सम्पत्ति से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। मैं/रज्जन अली पुत्र रमजान अली अपने पुत्र सहजाद अली पुत्र रज्जन अली निवासी ग्राम-अलीपुर, परगना सेमरौता, थाना-शिवगढ़ तहसील महाराजगंज जिला रायबरेली को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ।

आवश्यकता है

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा सम्बद्ध पं. शिवदयाल शुक्ल संस्कृत महाविद्यालय मनोहर नगर परैया नमकसार रायबरेली में शासन द्वारा स्वीकृत राज्यानुदानित उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत आरक्षण नियमावली के अन्तर्गत एवं सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा निर्गत अर्हता अध्यादेश के अनुसार अधोलिखित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक द्वारा सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के लिए क्रमशः धनराशि 500/- एवं 350/- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रार्थियों के लिए आवश्यक है, के बैंक ड्राफ्ट जो प्रबन्धक पं. शिवदयाल शुक्ल संस्कृत महाविद्यालय मनोहर नगर पैरया नमकसार रायबरेली के नाम देय होगा। साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है।रिक्त पदों का विवरण व शैक्षिक योग्यता-1. प्राचार्य 01 पद (क) व्याकरण / साहित्य विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि। (ख) पाँच वर्षों का स्नातकोत्तर स्तर के अध्यापन अनुभव।(ग) न्यूनतम आयु 30 वर्ष।2. सहायक अध्यापक व्याकरण 01 पद सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि द्वितीय श्रेणी।3. सहायक अध्यापक साहित्य 01 पद सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि द्वितीय श्रेणी।4. सहायक अध्यापक आधुनिक विषय हिन्दी 01 पद सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि द्वितीय श्रेणी।उपर्युक्त निर्धारित समय के उपरान्त एवं त्रुटिपूर्ण प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त किया जायेगा। अभ्यार्थियों द्वारा जिस पद के लिए आवेदन किया जायेगा लिफाफे पर मोटे अक्षरों में अंकित किया जाएगा। आवेदन के साथ-साथ अभ्यर्थी अपना नाम पता लिखा दो लिफाफ रजिस्ट्री टिकट लगाकर अवश्य संलग्न करें। धन्यवाद ।

भवदीय प्रबन्धक
(श्री लखन शुक्ल) प. शिवदयाल शुक्ल
संस्कृत महाविद्यालय मनोहर नगर परैया नमकसार, रायबरेली-229305